हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

"प्रेस नोट"

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2020

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा के निर्देशानुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2020 का आयोजन दिनांक 02.01.2021 व 03.01.2021 (शनिवार–रविवार) को करवाया जा रहा है। परीक्षा से सम्बन्धित सूचना बुलेटिन **(Information bulletin)** बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर उपलब्ध है। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर दिनांक 16.11.2020 (सांय 4:00 बजे) से दिनांक 04.12.2020 (12:00 बजे रात्रि) तक कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सूचना बुलेटिन **(Information bulletin)** में दर्शाए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढकर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाईन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने पश्चात अभ्यर्थी पुष्टिकरण–पेज **(Confirmation Page)** की प्रति का प्रिन्ट लेना सुनिश्चित कर लें।

अभ्यर्थी अपने विवरण अर्थात् नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, फोटोयुक्त पहचान–प्रमाण आधार नम्बर और विषय के चयन (लेवल–2 व 3) में सुधार/शुद्धि दिनांक 05.12.2020 से 08.12.2020 तक ऑनलाईन कर सकते हैं। दिनांक 04.12.2020 के बाद ऑनलाईन आवेदन तथा दिनांक 08.12.2020 के बाद ऑनलाईन विवरण सुधार/शुद्धि करने की अनुमति नहीं होगी व इस सन्दर्भ में कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी। लेवल, जाति वर्ग व शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण **(physically challenged)** विकल्प में कोई परिवर्तन/सुधार/शुद्धि करने की अनुमति नहीं होगी। फैक्स, ई–मेल, पत्र इत्यादि अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना–पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि कोई अभ्यर्थी एक लेवल के लिए एक से अधिक आवेदन करता है, तो उसका आवेदन/अभ्यर्थिता रदद् कर दी जाएगी। अभ्यर्थी नवीनतम जानकारी/अपडेट के लिए वैबसाईट **www.bseh.org.in** का नियमित तौर पर अवलोकन करते रहें ताकि वह किसी भी महत्वपूर्ण व अति–आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रह जाएं।

सचिव